# सुख भी मुझे प्यारे है दु:ख भी मुझे प्यारे है भजन लिरिक्स

सुख भी मुझे प्यारे है,
दु:ख भी मुझे प्यारे है,
छोड़ू मैं किसे भगवन,
दोनो ही तुम्हारे है,
सुख भी मुझे प्यारे हैं,
दु:ख भी मुझे प्यारे हैं।**bd**।

---

सुख दु:ख ही तो दुनिया की,
गाड़ी को चलाते है,
सुख दु:ख ही तो हम सबको,
इन्सान बनाते है,
संसार की नदीयों के,
दोनो ही किनारे है,
छोड़ू मैं किसे भगवन,
दोनो ही तुम्हारे है,
सुख भी मुझे प्यारे हैं,
दु:ख भी मुझे प्यारे हैं।**bd**।

---

दु:ख चाहे ना कोई भी,
सब सुख को तरसते है,
दु:ख में सब रोते है,
सुख में सब हसते है,
सुख मिलते है जिसमे,
दु:ख भी तो सहारे है,
छोड़ू मैं किसे भगवन,
दोनो ही तुम्हारे है,
सुख भी मुझे प्यारे हैं,
दु:ख भी मुझे प्यारे हैं।**bd**।

---

मैं कैसे कहूँ मुझको,
ये दे दे या वो दे दे,
जो भी तेरी मर्जी हो,
मर्जी से वो दे दे,
मैंने तो तेरे आगे,
ये हाथ पसारे है,
छोड़ू मैं किसे भगवन,
दोनो ही तुम्हारे है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आप मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सुख भी मुझे प्यारे है,
दु:ख भी मुझे प्यारे है,
छोड़ू मैं किसे भगवन,
दोनो ही तुम्हारे है,
सुख भी मुझे प्यारे हैं,
दु:ख भी मुझे प्यारे हैं।bd।

स्वर – व्यास जी मौर्य

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com